प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
09.08.2025/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे

रक्षा बंधन

भाई–बहन के स्नेह का त्योहार रक्षा बंधन आज देश सहित प्रदेश भर में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। इस दिन बहनें भाई की कलाई पर राखी बाँधती हैं और उनकी दीर्घायु की कामना करती हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएँ दी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि यह पर्व महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके सम्मान के प्रति सभी के दृढ़ संकल्प को मजबूत करता है। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर लोगों से समृद्ध देश के निर्माण का संकल्प लेने का आग्रह किया जहाँ हर महिला सुरक्षित महसूस करे और राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान दे सके। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया और विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने भी इस अवसर पर लोगों को अपनी शुभकामनाएं दी है।

इस बीच रक्षाबंधन पर्व पर राज्य में हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों में महिलाओं के लिए आज निशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की जा रही है।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन में शामिल बहादुरों का विनम्र स्मरण किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि उन लोगों के साहस के कारण ही देश प्रेम का अलख जगा जिसने अनगिनत लोगों में आज़ादी की चाहत पैदा की।

तिरंगा

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश भर में कल से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाएगी। इस अभियान में सभी वीर योद्धाओं का स्मरण किया जाएगा। पार्टी संगठनात्मक 1 सौ 71 मंडलों पर कल तिरंगा यात्राओं का आयोजन भी करेगी। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता.............

*भाजपा प्रदेश भर में 10 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाएगी इस अभियान में सभी वीर योद्धाओं का स्मरण किया जाएगा 10 अगस्त को भाजपा संगठन आत्मक 171 मंडलों पर तिरंगा यात्राओं का आयोजन करेगी 12 व 13 अगस्त को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में शहीदी स्मारकों पर स्वच्छता अभियान के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा इसी तरह से 14 अगस्त को विभाजन भविष्य का समृद्धि दिवस का आयोजन किया जाएगा जबकि 15 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सभी भाजपा पार्टी कार्यालयों व सार्वजनिक स्थानों पर सामूहिक रूप से तिरंगा फहराया जाएगा इसी दिन वृक्षारोपण के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे*

सरकार– टमाटर कीमत

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में टमाटर की खुदरा कीमतें स्थानीय कारणों से बढ़ रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि टमाटर को लेकर न तो मांग–आपूर्ति में कोई असंतुलन है और न ही इसके उत्पादिन में कमी आई है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि जुलाई के अंतिम सप्तांह से देश के उत्तर–पश्चिमी और उत्तरी क्षेत्रों में तेज बारिश के कारण दिल्ली में टमाटर की कीमतें 85 रुपये किलो तक पहुंच गई थीं। लेकिन, आजादपुर मंडी में टमाटर की लगातार उपलब्धता के कारण अब इसकी खुदरा क़ीमतों में कमी आ रही है।

समर फेस्टिवल

किन्नौर जिले के पूह उपमंडल में तीन दिवसीय समर फेस्टिवल कल से शुरू हो गया है। उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल स्थानीय संस्कृति और परंपराओं को संजोए रखते हैं, बल्कि पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय कलाकारों व युवाओं को मंच प्रदान करने में भी सहायक होते हैं। उत्सव के पहले दिन सांस्कृतिक प्रस्तुतियां व पारम्परिक लोकगीतों ने उत्सव को जीवंत कर दिया। इस अवसर पर बड़ी सख्ंया में पर्यटकों व स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

मन की बात

आकाशवाणी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम ने अपनी शुरुआत से अब तक 34 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व अर्जित किया है। सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन ने कल राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस मासिक रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से, प्रधानमंत्री शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, नवाचार और समाज सेवा जैसे क्षेत्रों में प्रभावशाली कार्य करने वाले भारतीयों की प्रेरक कहानियाँ साझा करते हैं। उन्होंने कहा कि श्रोताओं का एक बड़ा वर्ग इस कार्यक्रम को सुनकर आकाशवाणी से जुड़ता है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज घने बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने आज व कल प्रदेश के लिए येलो अलर्ट जारी किया है जिसके अनुसार कुछ स्थानों में भारी वर्षा की संभावना जताई गई है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि प्रदेश में 1 जून से लेकर 8 अगस्त तक सामान्य से 13 फीसदी ज्यादा बारिश दर्ज की गई जिसमें शिमला जिला में सबसे ज्यादा 67 फीसदी बारिश दर्ज गई है।

10 अगस्त की देर रात से 11 अगस्त सुबह तक प्रदेश की वेदर एक्टिविटी फिर से बार पिकअप करेंगी इस के चलते संभावना यह है कि डिसटिक ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर मध्यवर्ती डिसटिक है कुछ क्षेत्रा में हैवी रैन होने की संभावना है। और मैन एक्टिविटी है 11 व 12 अगस्त को वारिश होने की संभावान हैं और डिसटिक कांगड़ा, मंडी व चम्बा हैवी टू वेरी हैवी रैन का औरेंज अलर्ट है। सीजन की बात करे एक जून से 8 अगस्त प्रदेश में 13 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई है सामान्य से सबसे अधिक डिस्टिक शिमला है जहां पर सबसे अधिक 67 प्रतिशत वर्षा हुई हैं

——————————————